-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.10.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के फेज-6.O के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों के मिशन शक्ति केंद्र एवं परिवार परामर्श केंद्र पर पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण कर सु:खद एवं सौहार्दपूर्ण पारिवारिक जीवन व्यतीत कर रहे परिवारों को किया गया सम्मानित।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरुप प्रदेश में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-6.0) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 16.10.2026 को जनपद बांदा के समस्त थानों पर मिशन शक्ति केंद्र एवं परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से आपसी बातचीत, काउंसलिंग एवं समझाइश के जरिए पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण कर पुनः सुखद एवं सौहार्दपूर्ण पारिवारिक जीवन व्यतीत कर रहे परिवारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संबंधित परिवारों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभव एवं फीडबैक प्राप्त किए गए तथा परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से उनके पारिवारिक जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी ली गई। जिससे की परिवार परामर्श की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाया जा सके। साथ ही मिशन शक्ति फेज 6.0 को तहत महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या अथवा उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर परिवारों में प्रेम, विश्वास एवं आपसी सामंजस्य बनाए रखना तथा विवादों के कारण उत्पन्न होने वाली दूरियों को कम करना है। मिशन शक्ति केंद्र एवं परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से पारिवारिक विवादों से जुड़े दोनों पक्षों की बात गंभीरतापूर्वक सुनकर उन्हें आपसी संवाद एवं समझ के जरिए विवाद का समाधान निकालने के लिए प्रेरित किया जाता है। पारिवारिक विवादों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण परिवारों को टूटने से बचाने के साथ ही समाज में भी सकारात्मक संदेश प्रसारित करता है। आपसी सहमति से विवादों का समाधान होने पर परिवार के सदस्यों के बीच विश्वास एवं संबंधों को पुनः मजबूत करने का अवसर मिलता है। यह पहल विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा परिवारों में सकारात्मक वातावरण स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।